फा.सं.डी-21021/01/2019-एनएमआरएफ
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र

ए-50, सेक्टर 62,
नोएडा, उत्तर प्रदेश
दिनांक: 04 सितंबर, 2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- हिंदी पखवाड़ा, 2019 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में 16 सितंबर से 27 सितंबर, 2019 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:

| | **प्रतियोगिता का नाम** | **विषय** | **तिथि व समय** |
|---|---|---|---|
| **1.** | उद्घाटन समारोह | - | 16/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 2. | हिंदी भाषण प्रतियोगिता | **(क). योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए**<br>**(ख). जल संरक्षण के विभिन्न रूप** | 16/09/2019<br>03 बजे सांय |
| 3. | हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (एम.टी.एस.) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 17/09/2019<br>03 बजे सांय |
| 4. | हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 18/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 5. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी) | **(क). भारत में भूजल संकट और मानव जीवन पर असर**<br>**(ख). पर्यावरण प्रदूषण**<br>**(ग) . डिजिटल क्रांति की** दिशा में **भारत के कदम**<br><br>किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा। | 19/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 6. | वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी) | (क). ग्लोबल वार्मिंग के लिए औद्योगीकरण जिम्मेदार है?<br>(ख). ऑनलाइन शॉपिंग अच्छा या बुरा है? | 20/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 7. | अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदीत्तर भाषी) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 23/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 8. | कविता पाठ | स्वरचित कविता | 24/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 9. | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 25/09/2019<br>11 बजे प्रात |
| 10. | हिन्दी टाइपिंग | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा | 25/09/2019<br>03 बजे सांय |
| 11. | पुरस्कार वितरण व समापन समारोह | - | 27/09/2019<br>11 बजे प्रात /03 बजे सांय |

**नोट:-प्रत्येक प्रतियोगिता कम से कम 6 नामांकन प्राप्त होने पर ही आयोजित की जाएगी।**

---2

2. इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जांएगे जो क्रमश: 2000, 1500, 1000, 500+500 रू. के होंगे। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि हर प्रतिभागी को अधिकतम दो प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, अर्थात विजेता प्रतिभागियों का दो से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ स्थान होने पर भी वरीयता क्रम में उनसे नीचे के प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । इससे उन प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिन्हें कोई पुरस्कार नहीं मिला है। विजेताओं को पुरस्कार देने के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिकों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

3. 14 सितंबर से 28 सितंबर 2018 तक पखवाड़ा मनाए जाने के पश्चात समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा । समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता प्रतिभागियों द्वारा जीते गए पुरस्कारों की राशि उनके अकांउट में आरटीजीएस द्वारा भिजवाई जाएगी। यह समारोह वरिष्ठ अधिकारियों की सुविधानुसार पुनर्निर्धारित भी किया जा सकता है जिसकी सूचना ईमेल द्वारा भेज दी जायेगी।

4. प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपना नामांकन संलग्न प्रपत्र में भरकर **13 सितंबर, 2019** तक हिंदी अनुभाग में भेज दें। प्रतियोगिता आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लें ।

यह ज्ञापन प्रमुख महोदय की सहमति से जारी किया जा रहा है ।

प्रवीन 4/9/19

**(प्रवीन सिंह)**
**हिंदी अधिकारी, रा.म.अ.मौ.पू.कें**

**संलग्नक: नामांकन प्रपत्र**

सेवा में,

कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी।

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:-</u>**

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, 'ए' विंग, तीसरा तल, जय सिंह रोड़, नई दिल्ली - 110001
2. वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, संसदीय राजभाषा समिति, गृह मंत्रालय, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011
3. संयुक्त निदेशक (रा.भा), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
4. प्रमुख महोदय के निजी सहायक
5. कंप्यूटर प्रभारी (कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ)
6. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र
हिन्दी पखवाड़ा- 16 से 27 सितम्बर, 2019

## हिंदी पखवाड़ा 2019
## नामांकन प्रपत्र

नाम :

पदनाम :

अनुभाग :

प्रतियोगिताओं में भाग लेने का नाम :

हिंदी भाषी/हिंदीत्तर भाषी :

तारीख........................ आवेदक के हस्ताक्षर

**नोट: 1. हिन्दी अनुभाग (राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र) को प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 13 सितंबर 2019 है। आयोजित प्रतियोगिताओं में कार्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी मौके पर भी भाग ले सकते है।**

...................................................................................................................................

**सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी उत्कृष्ट विचार/सुझाव/स्लोगन**

# नियम व शर्तें

1. प्रत्येक प्रतियोगिता न्यूनतम छः (०६) प्रतिभागियों के उपलब्ध होने पर ही आयोजित की जायेगी।
2. प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम दो पुरस्कार दिए जाएंगे **(प्रश्नोतरी प्रतियोगिता को छोड़कर)**। दो से ज्यादा पुरस्कार जीतने की अवस्था में पुरस्कार अगले विजेता को दिया जायेगा।
3. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।
4. वाद-विवाद, निबंध, अनुवाद प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले हिन्दी भाषी और हिन्दीतर भाषी प्रतियोगियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिता में हिन्दी भाषी और हिन्दीतर भाषियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।
5. निबंध प्रतियोगिता में दिए गए विषय पर निबंध लिखना होगा।
6. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता केवल कंप्यूटर पर ली जाएगी। 10 मिनट का टाइप टेस्ट होगा।
7. सुलेख प्रतियोगिता में केवल चतुर्थ श्रेणी (एमटीएस) कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं।
8. कविता पाठ प्रतियोगिता में स्वरचित /प्रसिद्ध कवि द्वारा लिखित कविता सम्मिलित की जाएगी (स्वरचित कविता पाठ को ज्यादा महत्व दिया जाएगा)।
9. उपरोक्त प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र के सभी स्तर के स्थाई अधिकारी/कर्मचारी, प्रोजेक्ट स्टाफ तथा आउटसोर्स कर्मचारी भी भाग ले सकते है।
10. विस्तृत जानकारी के लिए **हिन्दी अनुभाग रा.म.अ.मौ.पू.के.** से सम्पर्क किया जा सकता है।

(प्रवीन सिंह)
**हिंदी अधिकारी , रा.म.अ.मौ.पू.कें**